हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार, 18 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

11 बाबा जी का संदेश मनखे मनखे एक सामान...

12 नाबालिग का दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार




## खबर संक्षेप



### सवारी बस नहर में पलटी बाल-बाल बचे यात्री

**पलारी।** रिया ट्रेवल्स की सवारी बस क्र. सीजी 22 बी 0127 गिधपुरी कि ओर से बलौदाबाजार के लिए जा रही थी तभी पलारी शुभम मार्ट के सामने वाली छोटी नहर में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में आधा दर्जन लोगों को सामान्य चोट आई हैं। बस में करीब 15 लोग सवार थे। घायलों को सीएससी पलारी में प्राथमिक उपचार के बाद रवाना कर दिया गया। यह तो गनीमत रहा कि इस हादसे में यात्रियों को सामान्य चोटें आई हैं और एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने मामले में बस अपने कब्जे में लेकर प्रकरण जांच में लिया है।

### गुरु घासीदास जयंती आज अंचल उत्सवी माहौल बना



**भटगांव।** 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ गुरु घासीदास जी की भक्ति भावना से भरा होगा। सारंगढ़ के पुष्प वाटिका में पिछले 2 दिनों से बाबा के भक्तिमय गानों और नृत्य से अंचल के सतनामी समाज उत्सव मना रहे हैं। किवंदित है कि बाबा गुरु घासीदास जी को जगन्नाथ पुरी यात्र के समय सारंगढ़ अंचल में ही ज्ञान की अनुभूति प्राप्ति हुई जिसके बाद वे गिरौदपुरी लौट कर तप करने लगे। छत्तीसगढ़ में श्सतनाम पंथश की स्थापना हुई। इस पंथ के लोग बाबा को अवतारी पुरुष मानते हैं। इसलिए सतनाम पंथ का संस्थापक भी गुरु घासीदास को ही माना जाता है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

**मुड़पार सरसीवां।** अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (एसटी, एससी और ओबीसी) विद्यार्थी जो छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित शासकीय, अशासकीय विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज , पॉलीटेक्निक, आईटीआई आदि में अध्यनरत विद्यार्थियों से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 30 दिसंबर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। निर्धारित तिथि के बाद शिक्षा सत्र 2023–24 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ–साथ ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक 20 जनवरी 2024 तक और सैंक्शन ऑर्डर लॉक 24 जनवरी 2024 तक करना निर्धारित है। अंतिम तिथि तक कार्रवाई पूर्ण नहीं करने पर संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम पर आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है।

# लोकल आवक बढ़ी सब्जियों के दाम गिरे व लोगों को मिली राहत

## टमाटर, धनिया, मेथी, मिर्ची, मुली तथा भाजी की भरपूर आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्थानीय सब्जी मंडी में लोकल सब्जियों की आवक बढ़ने से दामो में लगातार गिरावट आई है। कुछ दिनों पूर्व तक फुटकर सब्जी मंडी में 20 से 30 रूपये प्रति किलो की दर से बिकने वाले टमाटर का दाम घटकर 8 रूपये किलो धनियां पत्ती 40–50 रूपये प्रति किलो से घटकर 15 से 20 रूपये, मेथी भाजी 60–70 रूपये से घटकर 10 से 25 रूपये, पालक 30–40 रूपये से घटकर 7 से 10 रूपये, लाल भाजी 20 से 30 रूपये से घटकर 8 से 10 रूपये, लौकी 20 रूपये से घटकर 3 से 5 रूपये, गाजर 40 रूपये से घटकर 15 से 20 रूपये, सेमी 60 रूपये से घटरक 25 से 30 रूपये, मिंची 80 रूपये से घटकर 20 से 25 रूपये मूली 20 रूपये से घटकर 3 से 4 रूपये, बैंगन 30 रूपये से घटकर 10 से 15 रूपये, गोभी 60 रूपये से घटकर 15 से 20 रूपये, बरबट्टी 80 रूपये से घटकर 25 से 35 रूपये, प्रति किलो पर पहुंच गई है। वही नया आलू 10 रूपये तथा प्याज 20 से 25 रूपये, प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है।



### हरी सब्जी भाजी की मांग बढ़ी

जिले में स्थित सब्जी फार्म और ग्रामीण क्षेत्र से किसानो द्वारा बाड़ी लगाकर पैदावार ली जाने वाली सब्जियों के साथ-साथ अन्य नगरो के थोक सब्जी विक्रेताओं द्वारा नगर की थोक सब्जी मंडी में रोजाना 25 से 50 हल्के व भारी वाहनों में भरकर लाई जाने वाली सब्जियों की आवक सबंधी जानकारी दी गई है। हरी सब्जियों के दाम बाजार में सस्ता हो जाने से ताजी व हरी सब्जी भाजी की मांग बढ़ गई है। इन दिनों पड़ रही ठंड के दौरान सब्जियों के दाम में गिरावट आ जाने से गृहणियों के रासोई घर के बजट में कमी आने से आमजन ताजी हरी सब्जियों का लुफ्त उठा रहे है।

## कार्यक्रम : पुरस्कार व हितग्राहियों को किया सामान का वितरण

# विकसित भारत संकल्प शिविर में कलेक्टर के लौटने के बाद पहुंचे नाराज विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के ग्राम अर्जुनी में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत शिविर का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक टंकराम वर्मा को कार्यक्रम में शामिल होना था। लेकिन विधायक निर्धारित समय से काफी विलंब से कार्यक्रम में शामिल होने वहां पहुंचे। इसी बीच पीएम के वर्चुअल कार्यक्रम के बाद कलेक्टर चंदन कुमार हितग्राहियों को सामान बांटने लगे थे। जिसपर वहां उपस्थित कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक के पहुंचने तक इंतजार करने की गुजारिश कलेक्टर से की गई। जिसके बाद विधायक के पहुंचने के पूर्व ही कलेक्टर कार्यक्रम स्थल से चले गए। जिसके पश्चात कार्यक्रम में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता आपस में कानाफूसी करते दिखाई पड़े। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार विधायक द्वारा हाल ही में मीडिया को दिये बयान से प्रशानिक अधिकारियों व विधायक के मध्य मनमुटाव वाली उत्पन्न परिस्थिति की ओर इशारा करती है।

### विधायक ने एक दिन पहले ही जिला प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई थी



विधायक निर्वाचित होने के पश्चात टंक राम वर्मा ने शुक्रवार को पहली बार मीडिया से रूबरू होने के दौरान जिला प्रशासन के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि चुनाव प्रचार के दौरान कलेक्टर, एसडीएम व तहसीलदार ने ग्राम नायकटाढ़ से भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओ की गिरफ्तारी इसलिए की थी की वो नारी वंदन योजना का फॉर्म भरा रहें थे। कार्यकर्ताओ पर धारा 151 तहत कार्रवाई की गई थी। जिसके बाद रात भर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा छोड़ने के लिए तहसील कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। उसके बाद कार्यकर्ताओ को जमानत पर छोड़ा गया था। उन्होने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने की बात कहते हुए यह भी कहा था कि बेवजह प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर भाजपा कार्यकर्ताओं को परेशान करने वाले अधिकारियों को बख्सा नही जावेगा। तथा शासन से उनके खिलाफ एक्सन लेने की मांग की जावेगी।

# पुलिस ने 9 जुआरियों से 35 हजार किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



मुखबीर की सूचना पर लवन थाना पुलिस ने ग्राम कोहरौद हेचरी के पास घेराबंदी कर खुलेआम जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को पकड़कर ताशपत्ती व नगदी 35 हजार रुपए जब्त किया है। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि गांव में कुछ ग्रामीण खुलेआम जुआ खेल रहे हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर द्वारिका बंजारे पिता बीरबल बंजारे 22 वर्ष ग्राम धाराशिव, फूल सिंह बांधे पिता गेंदु राम 21 वर्ष ग्राम धाराशिव, तुलेश्वर पिता मनीराम बंजारे 30 वर्ष ग्राम कोहरौद, महेश कुमार पिता बुधराम साहू 38 वर्ष ग्राम कुम्हारी, परमानंद खुटे पिता शोभित 36 वर्ष ग्राम धौराभाठा, दिलेश्वर बंजारे पिता गोवर्धन 36 वर्ष ग्राम धाराशिव, सोनू कोसले पिता हीरालाल 35 वर्ष ग्राम कोहरौद, निर्मलेश्वर बंजारे पिता गोवर्धन 35 वर्ष ग्राम धाराशिव, दिल कुमार नवरंगी पिता हरि राम 48 वर्ष ग्राम पनगांव थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार को पकड़ा है। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# विधायक संदीप के प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

## क्षेत्र में शिक्षा के साथ विकास कार्य मेरी पहली प्राथमिकता




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

> ■ मेरी जीत में सभी का सहयोग , आभार कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

रविवार को कसडोल विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक संदीप साहू का भव्य स्वागत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा किया गया। स्वागत के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित आभार कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं का हुजूम जुटा रहा। विधायक संदीप साहू का काफिला नगर के गुरुघासीदास चौक से आभार रैली गायत्री मंदिर होते हुए कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कार्यालय पहुंची। जहां से विधायक संदीप साहू ने अपने संबोधन में ऐतिहासिक जीत के लिए जनता का आभार जताया। श्री साहू ने कहा कि यह जीत पूरे कसडोल विधानसभा की जीत है जिसमें सभी की भागीदारी से यह मुकाम हासिल हुआ है। इस जीत में सभी बराबर के हकदार हैं उनके घर के दरवाजे जनता के लिए सदैव खुला है।



### यह रहे मौजूद

आभार कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र शर्मा, परमेश्वर यदु, नपा अध्यक्ष श्रीमती नीलू चंदन साहू, उपाध्यक्ष ऋतिक मिश्रा, अविनाश मिश्रा, राइसकिंग खूंटे, किसान संरक्षक मनीष मिश्रा, अशोक यादव, कमलेश साहू, निरेन्द्र क्षत्रिय, भावेश यादव, योगेश बंजारे, प्रशांत जायसवाल, चंदन साहू, द्वारिका निर्मलकर, भूपेंद्र जायसवाल सहित कांग्रेस के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जनता का मिला अभूतपूर्व समर्थन

विधायक निर्वाचित होने के बाद कसडोल प्रथम आगमन पर कसडोल विधायक संदीप साहू का कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आभार कार्यक्रम के दौरान समस्त कार्यकर्ताओं ने विधायक संदीप साहू को फूल माला के साथ भेंट मुलाकात किया। इस दौरान संदीप साहू ने 33765 मतों से जीत दिलाने पर कसडोल विधानसभा के क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि कसडोल, लवन और पलारी में विकास करना, शिक्षा के लिए बेहतर काम करना मेरी पहली प्राथमिकता है। मैं क्षेत्र के विकास के लिए कोई कमी नही करुंगा।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# गुरु घासीदास जयंती पर नगर में आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**भाटापारा।** गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर मिनीमाता धर्मशाला प्रांगण भाटापारा से भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के द्वारा हर साल बड़े धूमधाम से विकासखंड स्तरीय जयंती कार्यक्रम मनाया जाता है। भाटापारा में इस साल जयंती मनाते 26वां वर्ष हो गया है। गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष में इस साल भी भव्य सतनाम शोभायात्रा निकाला जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे और शोभायात्रा में धूमाल, ताशा व डीजे, पंथी नृत्य भी शामिल होगा। इसके साथ ही अखाड़ा दल वाले भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। शोभा यात्रा की भव्यता व समय का ध्यान रखते हुए इस वर्ष ध्वजारोहण का कार्यक्रम पहले किया जाएगा। जिसका समय प्रातः 11 बजे है। उसके पश्चात शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी। शोभायात्रा के वापस आने के पश्चात जैतखाम में पूजा-अर्चना कर पान प्रसाद का कार्यक्रम किया जाएगा। तत्पश्चात भोजन भंडारा का कार्यक्रम चालू किया जाएगा। साथ ही विभिन्न पंथी दल के लोग अपना प्रस्तुति देंगे।



## खबर संक्षेप



### पीएचडी चैम्बर के चैप्टर अध्यक्ष बने शंकर

**रायपुर।** पेट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर के निदेशक शंकर बजाज को पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के छत्तीसगढ़ चैप्टर का चैप्टर अध्यक्ष बनाया गया है। इसके लिए श्री बजाज ने पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद देते हुए कहा, अध्यक्ष के रूप में अपने उत्तरदायित्वों का वे सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। श्री बजाज ने कहा धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्द छत्तीसगढ़ राज्य प्राकृतिक सम्पदाओं से परिपूर्ण अनंत संभावनाओं का राज्य है। यहां ओद्योगिक विकास एवं विस्तार की अकूत संभावनाएं हैं। प्रदेश में प्रमुख उद्योग क्षेत्र खाद्य प्रसंस्करण, हरित ईंधन, खनन एवं खनिज, एवं वनोपज तथा पर्यटन प्रमुख रूप से शामिल है। उन्होंने राज्य में छत्तीसगढ़ चैप्टर के विकास और विस्तार के लिए सदस्यता अभियान में तेजी लाने को अपनी प्राथमिकता बताई। साथ ही नव निर्वाचित सरकार के साथ मिलकर प्रदेश के विकास के लिए कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

### किसानों को कर्ज के जाल से बाहर निकाले सरकार

**रायपुर।** नारायणपुर जिले के कुकड़ाझोर गांव के किसान द्वारा सरकारी कर्ज वसूली का नोटिस मिलने के बाद आत्महत्या किए जाने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से न्यायहित में नारायणपुर के मृतक किसान स्व. हीरू बढ़ई का कर्ज माफ कर आश्रितों को तत्काल 10 लाख मुआवजा प्रदान करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा, चुनाव के समय दोनों राष्ट्रीय दलों द्वारा किसानों के हित में बड़े-बड़े वादे और दावे किए जाते हैं। धान खरीदी, किसानों की आय दुगुनी करने से लेकर कर्जमाफी की बात होती है।

# हॉलमार्क का पंजीयन नहीं, अब हजारों सराफा कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के हजारों सराफा कारोबारी हॉलमार्क का पंजीयन कराए बिना ही पिछले 8 माह से खुलेआम जेवर बेचने का अवैध कारोबार कर रहे हैं। आठ माह बाद भी दस हजार कारोबारियों में से महज 23 सौ ने ही अब तक पंजीयन कराया है।

ज्यादातर बड़े कारोबारियों ने तो पंजीयन करा लिया है, लेकिन छोटे कारोबारी, जिनका कारोबार 50 लाख से कम है और जो जीएसटी के दायरे में भी नहीं आते हैं, वे पंजीयन कराने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जबकि 1 अप्रैल से हर तरह की सोने की ज्वेलरी पर हॉलमार्क जरूरी कर दिया गया है। जिन कारोबारियों ने पंजीयन नहीं कराया है, वे जेवर और सोना नहीं बेच सकते हैं, लेकिन फिर भी बेरोकटोक ऐसे कारोबारी अवैध कारोबार कर रहे हैं। इन पर कार्रवाई न होने के कारण इनकी अब पंजीयन कराने में रुचि नहीं है। पंजीयन कराने का कोई शुल्क न होने के बाद भी जेवर बेचने वाले कारोबारी इस उम्मीद में पंजीयन कराने से बचते रहे हैं कि सरकार शायद जल्द ही जेवर बेचने वाले कारोबारियों के लिए पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त कर देगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्री को पत्र भी लिखा गया था। केंद्र सरकार ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया है, ऐसे में तय है कि देर-सवेर सभी कारोबारियों को पंजीयन कराना होगा। कारोबारी भी जानते हैं कि पंजीयन न कराने वाले कारोबारी परेशानी में पड़ेंगे, इसके बाद भी पंजीयन नहीं कराया जा रहा है।

## कार्रवाई न होने से बेफिक्र हैं ऐसे कारोबारी

### 75 फीसदी का पंजीयन नहीं

*जेवर बेचने वालों के लिए भी हॉलमार्क में पंजीयन कराना जरूरी होने के बाद भी अपने राज्य में 75 फीसदी ने अपना पंजीयन कराया ही नहीं है। प्रदेश में दस हजार सराफा कारोबारी हैं, जो सोने के जेवर बेचने का काम करते हैं। राजधानी रायपुर में ही दो हजार से ज्यादा कारोबारी हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के 602 सदस्य हैं। इन सबका तो पंजीयन हो गया है, लेकिन इसके अलावा भी छोटे मोहल्लों और कॉलोनियों में कई ज्वेलर्स ऐसे हैं, जो एसोसिएशन के सदस्य नहीं हैं और अपना कारोबार करते हैं। वे पंजीयन कराने के लिए गंभीर नहीं हैं। इसी तरह की स्थिति पूरे राज्य में है। हॉलमार्क के प्रदेश में चार जिलों में दस सेंटर हैं। राजधानी रायपुर में छह, दुर्ग में दो और राजनांदगांव और बिलासपुर में एक-एक सेंटर है। इन सेंटर के सौ किलोमीटर के दायरे में आने वाले सराफा कारोबारी अपना पंजीयन करा सकते हैं।*

### पंजीयन कराना चाहिए

प्रदेश के कारोबारी पंजीयन कराने गंभीर नहीं हैं, यह बात ठीक नहीं है। रायपुर एसोसिएशन के तो सारे सदस्यों ने पंजीयन करा लिया है, लेकिन जो सदस्य नहीं हैं, उनमें से ज्यादातर का पंजीयन नहीं हुआ है। यही स्थिति प्रदेशभर में है।

- सुरेश भंसाली
अध्यक्ष
रायपुर सराफा एसोसिएशन

### अवैध कारोबार की आशंका

प्रदेश में पंजीयन न कराने वाले कारोबारियों द्वारा अवैध कारोबार किए जाने की आशंका से सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी भी इनकार नहीं कर रहे हैं। इनका कहना है कि प्रदेश के हर कारोबारी को अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना चाहिए, क्योंकि पंजीयन का जब कोई शुल्क नहीं है तो फिर पंजीयन कराने में हर्ज क्या है। पंजीयन न कराने वालों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, लेकिन हॉलमार्क से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि देर-सवेर बिना पंजीयन वाले कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नए साल की छुट्टियां मनाने दूर देशों की यात्रा की तैयारी


**सैर-सपाटे के लिए कई पर्यटन स्थलों के टिकट की डिमांड भी**

**रायपुर-गोवा फ्लाइट का किराया हो चुका दस हजार के पार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घूमने-फिरने का शौक रखने वाले पर्यटक पिछली बार की तरह इस बार फिर नए साल की छुट्टियां मनाने के लिए दूर देशों की यात्रा करेंगे। इस बार बैंकाक, थाईलैंड, नेपाल के अलावा आस्ट्रेलिया, दुबई, सिंगापुर के हवाई टिकट की बुकिंग हो रही है। इसके अलावा देश के भीतर उदयपुर, गंगटोक, केरल और गोवा जैसे राज्यों की यात्रा के लिए टिकट की डिमांड अधिक है। रायपुर से गोवा के बीच नियमित उड़ान का संचालन होता है, दिसंबर के अंतिम सप्ताह में इसका किराया दस हजार के पार हो चुका है।

ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक राज्य का एक बड़ा वर्ग छुट्टियों का मजा घूम-फिरकर उठाता है। दिसंबर का एक पखवाड़ा बीत चुका है, जिसके चलते नए साल की छुट्टियां मनाने लोगों ने प्रोग्राम बनाना शुरू कर दिया है। बाद की परेशानी से बचने के लिए विभिन्न शहरों के लिए एयर टिकट बुक भी हो रहे हैं। अनुमान के मुताबिक पिछली बार की तुलना में इस बार नए साल की छुट्टियां बिताने के लिए सैकड़ों लोग दूसरे देश और दूसरे राज्यों की यात्रा करेंगे। जानकारी के मुताबिक इस बार भी बड़ा प्रोग्राम बनाने वालों ने नेपाल, सिंगापुर, थाइलैंड, बाली, दुबई, युरोप, आस्ट्रेलिया जैसे देशों के लिए टिकट की बुकिंग कराई है। वहीं कम खर्च में घूमने-फिरने का मजा लेने वालों की पहली पसंद गोवा बना हुआ है। रायपुर से गोवा के लिए अभी नियमित फ्लाइट का संचालन किया जाता है। सामान्यतः इसका फेयर सात हजार से कम होता है, मगर दिसंबर के अंतिम सप्ताह में किराया दस हजार से अधिक हो चुका है। साथ ही उदयपुर, जैसलमेर, बेंगलुरु, गंगटोक, केरल के अलावा मुंबई, हैदराबाद, इंदौर की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या भी काफी अधिक है।



### कोच्चि का फेयर 18 हजार श्रीनगर 28 हजार

रायपुर से कोच्चि के लिए व्हाया उड़ान का संचालन होता है, जिसका किराया महीने के अंतिम दिनों में 18 हजार तक पहुंच चुका है। इसके अलावा श्रीनगर तक हवाई यात्रा के लिए 28 हजार रुपए खर्च करने पर टिकट बुक हो रहा है। गंगटोक का किराया भी 19 हजार के ऊपर जा चुका है।

### लगातार हो रही टिकट बुकिंग

अजय ट्रैवल्स के संचालक तथा ट्रैवल्स एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रमन जादवानी के मुताबिक दिसंबर के अंतिम से लेकर जनवरी के शुरुआती सप्ताह तक लगातार विभिन्न शहरों के लिए टिकटों की बुकिंग हो रही है। पर्यटन स्थल के अलावा लोग धार्मिक स्थलों पर घूमने-फिरने के लिए भी टिकटों की बुकिंग करा रहे हैं। राज्य से हर साल बड़ी संख्या में लोग घूमने-फिरने के लिए दूसरे देशों की यात्रा करते हैं।

### हर माह दो लाख पैसेंजर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ट्रेनों की चाल अनियमित होने की वजह से यात्री अपने सफर के लिए विमानों को प्राथमिकता देने लगे हैं। रायपुर एयरपोर्ट से प्रतिमाह दो लाख यात्रियों की आवाजाही हो रही है। यहां दिल्ली सहित ज्यादातर शहरों के लिए एक से अधिक फ्लाइट का संचालन किया जाता है। कई शहरों के लिए उड़ानों की संख्या और बढ़ाने की डिमांड भी आती रही है।

# कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस विकल्प अपलोड कर 26 तक कर सकेंगे प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ द्वारा कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस विकल्प अपलोड कर प्रकरणों के निराकरण के लिए आगामी 26 दिसम्बर 2023 तक समय–सीमा निर्धारित किया गया है। इस संबंध में सभी जिला कोषालय अधिकारियों को परिपत्र जारी कर संबंधित आहरण–संवितरण अधिकारियों को समय–सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने कहा गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी केके दुबे ने बताया कि कि ऐसे प्रकरण जिनमें ओपीएस या एनपीएस चयन के लिए निर्धारित समय–सीमा में विकल्प प्रस्तुत कर दिया गया है, किन्तु कार्मिक संपदा में अपलोड नहीं किया जा सका है, उन प्रकरणों को परीक्षण उपरांत कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड करने हेतु जिला कोषालय अधिकारी को अधिकृत किया गया है। विगत 01 नवम्बर 2004 से 31 मार्च 2022 तक नियुक्त शासकीय सेवक जो विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08 मई 2023 तक सेवानिवृत्त या मृत हो चुके हैं तथा संबंधित के द्वारा विकल्प प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे प्रकरणों में संबंधित सेवानिवृत्त शासकीय सेवक या मृत शासकीय सेवक के नॉमिनी द्वारा पुरानी पेंशन योजना में आने का विकल्प प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान किये जाने के फलस्वरूप परीक्षण उपरांत विकल्प स्वीकार कर अपलोड किया जाना है। उपरोक्त प्रकरणों को कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड करने हेतु नयी व्यवस्था का निर्धारण किया गया है जिसके तहत संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी द्वारा मेकर आईडी से संबधित दस्तावेज अपलोड किये जायेंगे एवं चेकर आइडी से विकल्प को वेरिफाई किया जाएगा। उसके बाद कोषालय अधिकारी द्वारा प्रकरणों को ऑथोराइज्ड किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह कार्य विशेष अभियान के तहत आगामी 26 दिसम्बर 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना है। अतएव संबधित समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय–सीमा में कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस विकल्प अपलोड कर प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए।

# किसान हीरू ने की आत्महत्या, कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा

**रायपुर।** नारायणपुर के कुकड़ाझोर गांव के एक किसान द्वारा कर्ज के कारण की गयी आत्महत्या दुखद और गंभीर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा की असंवेदनशीलता और वायदाखिलाफी ने एक किसान को आत्महत्या करने को मजबूर कर दिया। किसान हीरू बढ़ई के ऊपर कर्ज था। कर्ज वसूली के नोटिस से वह मानसिक दबाव में आ गये थे। कांग्रेस ने नारायणपुर में किसान के आत्महत्या मामले में कांग्रेस ने 5 सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है। समिति आत्महत्या करने वाले किसान के गांव-कुकड़ाझोर का दौरा कर मृतक के परिजनों और ग्रामवासियों से मुलाकात कर घटना की जानकारी लेगी।





### भूपेश बोले- लौट आया वही दौर, कौशिक ने कहा- कांग्रेस के कुशासन का परिणाम

किसान ने की आत्महत्या, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने ट्विटर पर लिखा फिर से वही दौर लौट आया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने नारायणपुर जिले के ग्राम कुकड़ाझोर में किसान हीरा बढ़ई की आत्महत्या की घटना को कांग्रेस के कुशासन का परिणाम करार दिया। उन्होंने कहा, हम 5 साल से कहते आ रहे हैं कि कांग्रेस ने किसानों को कर्ज के मकड़जाल में फांसकर आत्महत्या के लिए मजबूर किया है। यह बेहद गंभीर विषय है कि कांग्रेस के राज में कर्ज में डूबकर निराश हुए किसान अब तक कांग्रेस के पाप भोग रहे हैं क्योंकि प्रदेश में अभी अभी परिवर्तन हुआ है।

# चुनाव में विपरीत परिणाम आने पर कांग्रेस महामंत्री ने उठाए कई सवाल

*रायपुर। कांग्रेस के महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र के जरिए लिखा सभी कांग्रेस जन दुखी एवं विचलित हैं। हार के लिये जो प्रत्यक्ष तौर पर जवाबदार थे, उनकी बैठक आप लोगों ने दिल्ली में कर ली। नेता प्रतिपक्ष के चयन की औपचारिकता भी आप लोगों ने कर ली। 75 पार की बातें करते-करते हम 35 में क्यों सिमट गए. इसकी समीक्षा 15 दिनों बाद भी करने की आवश्यकता महसूस नहीं की जा रही है। उन्होंने पत्र के जरिए सवाल उठाते हुए कहा, हमारी योजनाएं और प्लानिंग क्यों धरासायी हुई? हमारे सर्वे जो 7-7 बार हुआ, वह क्यों असफल हुआ? नेताओं को क्षेत्र बदलकर क्यों चुनाव लड़वाया गया? ब्लॉक एवं जिला कांग्रेस कमेटी से आए नामों पर, क्यों नहीं टिकट बांटा गया?*

### छत्तीसगढ़ कांग्रेस के रणनीतिकारों ने रुकवा दिया था एआईसीसी का सर्वे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद पार्टी के नेता एक-दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ रहे हैं। पार्टी से निष्कासित किए गए दो पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह और डॉ. विनय जायसवाल के नेतृत्व में कुछ विधायकों ने दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात कर अपनी बात रखी। श्री वेणुगोपाल ने इन विधायकों से कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के रणनीतिकारों ने एआईसीसी के सर्वे को नहीं होने दिया। उन्होंने ही सर्वे को रुकवा दिया था। कांग्रेस के पूर्व विधायक विनय जायसवाल ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात कर अपनी बात रख दी है।

# छत्तीसगढ़ में विधानसभा सत्र में दर्शक दीर्घा में रहेगी कड़ी सुरक्षा

**संसद की घटना को देखते हुए की गई व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नई सरकार गठन के बाद विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर विधानसभा में तैयारियां जोरों पर है। संसद में हुई सुरक्षा में चूक की घटना को देखते हुए विधानसभा में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। दर्शक दीर्घा में विधानसभा के सुरक्षा कर्मियों को सादे वर्दी में तैनात कर यहां पर आने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि विधानसभा की दर्शक दीर्घा को अब कवर्ड करने पर विचार किया जा रहा है। अगले सत्र तक यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू हो रहा है। विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था का कड़ी कर दी गई है। यहां पर चूकि यहां पर विधानसभा सचिवालय के सुरक्षा को लेकर सारे पास परिसर के बाहर बनाए जाते हैं। विधायकों की अनुसंशा के आधार पर पास बनाने की सुविधा है, इस दौरान लोगों का आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्र भी लिया जाता है। संसद में दर्शक दीर्घा से सदन के अंदर युवक के कूदने की घटना को देखते हुए यहां पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई है। विधानसभा सदन के उपर दोनों ओर दर्शक दीर्घा है, जो सामने से खुली हैं। यहां पर ऐसी कोई घटना रोकने के लिए सुरक्षा के लिए जवान तैनात रहते हैं। अब उनके अलावा विधानसभा के सुरक्षा कर्मी भी सादे भेष में तैनात होंगे। दर्शक दीर्घा में आने वाले सभी लोगों को कड़ी नजर रखी जाएगी।



### तीन दिन का सत्र

नई सरकार बनने के बाद 3 दिन के शीतकालीन सत्र का बुलाई गई है। सत्र के दौरान पहले दिन प्रोटेम स्पीकर नए विधानसभा सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। उसी दिन विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दूसरे दिन राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन विधानसभा के सदस्यों को अभिभाषण देंगे। अभिभाषण के बाद कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा। सत्र के दौरान राज्य सरकार की ओर प्रथम अनुपूरक अनुमान पेश किया जाएगा, जिसे अंतिम दिन चर्चा के बाद पारित किया जाएगा।

### सदन के अंदर बैठक व्यवस्था दुरुस्त

सदन के अंदर विधायकों के बैठक व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। यहां पर वरिष्ठ विधायकों को पहले और कनिष्ठ विधायकों को उसके बाद बिठाने की व्यवस्था है। प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्य विधानसभा अध्यक्ष के राइट हैंड और विपक्ष के सदस्य लेफ्ट हैंड़ में बैठते हैं। मंत्रियों को सामने जगह दी जाती है। उनके पीछे वरिष्ठ सदस्य और फिर उनसे कनिष्ठ सदस्य के बैठने की व्यवस्था रखी गई है। सदन में भाजपा के 54, कांग्रेस के 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के 1 सदस्य हैं।

### तेजी से हो रहे कार्य

विधानसभा परिसर में तेजी से काम किए जा रहे हैं। यहां पर सड़कों पर नई डामर की परत चढ़ाई गई है। विधानसभा जाने वाली सड़क का मरम्मत कर नए सिरे से बनाया गया है। सदन के अंदर भी सुधार कार्य किए जा रहे हैं। परिसर में सुरक्षा के लिए सैकड़ों जवान तैनात रहेंगे।

# कांग्रेस का क्राउड फंडिंग अभियान कल से, खड़गे करेंगे शुरुआत

**कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने पर देशवासियों से दान का अनुरोध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस पार्टी चंदा जुटाने के लिए क्राउड फंडिंग अभियान की शुरुआत करने जा रही है। कांग्रेस ने इस अभियान का नाम 'डोनेट फॉर देश' रखा है। सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली से इसकी शुरुआत करेंगे। कांग्रेस के प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन ने इसकी जानकारी दी।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी देशवासियों से 138 रुपए के गुणक जैसे 138 रुपए, 1380 रुपए, 13,800 रुपए या अधिक दान करने के लिए अनुरोध करती है, ताकि कांग्रेस पार्टी एक बेहतर भारत के लिए काम कर सके। कांग्रेस ने इस ऑनलाइन क्राउड फंडिंग के लिए दो चैनल बनाए हैं। इनमें एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल डोनेट आईएनसी डॉट इन और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वेबसाइट शामिल हैं। कांग्रेस इसे लेकर 28 दिसंबर को नागपुर में एक विशाल रैली का आयोजन करेगी।



### हर बूथ के 10 घर से लेंगे अंशदान

उन्होंने कहा, यह अभियान मुख्य रूप से कांग्रेस के स्थापना दिवस 28 दिसंबर तक ऑनलाइन होगा, जिसके बाद जमीनी अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत पार्टी से जुड़े स्वयंसेवी घर-घर जाएंगे और प्रत्येक बूथ में कम से कम 10 घरों को लक्षित करके हर घर से कम से कम 138 रुपए का अंशदान सुनिश्चित करेंगे।

### पदाधिकारी भी देंगे योगदान

उन्होंने कहा, पार्टी के राज्यस्तर के पदाधिकारियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, जिला अध्यक्षों, प्रदेश अध्यक्षों और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पदाधिकारियों को कम से कम 1,380 रुपए का योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जो लोग आर्थिक सहयोग करना चाहते हैं, उन्हें भारतीय नागरिक होना चाहिए और उनकी आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। दानदाताओं को दान प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

### कुलदीप निगम की पुण्यतिथि, दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** प्रेस क्लब रायपुर के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, छग राज्य बाल कल्याण परिषद के संस्थापक सदस्य और पत्रकार स्व. कुलदीप निगम की 21वीं पुण्यतिथि मनाई गई।

# ऑनलाइन ठगी का नया पैटर्न, कुरियर कंपनी के नाम से कॉल डायवर्ट कर जालसाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्तमान समय में उपभोक्ताओं को सुविधा देने की जद्दोजहद के चलते ऑनलाइन बिजनेस का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। इस बात से जालसाज भी भली-भांति परिचित हैं। ठगी के नए-नए पैटर्न अपनाने वाले जालसाज अब ऑनलाइन बिजनेस साइट्स से ग्राहकों का डेटा लीक कराकर कुरियर कंपनी की आड़ में लोगों को कॉल कर, कॉल डायवर्ट कर, मोबाइल नंबर हैक कर लोगों को बल्क में ठगी का शिकार बना रहे हैं। पंडरी सहित और कई थाना क्षेत्रों की कॉलोनियों में रहने वाले दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने अपने मोबाइल हैक होने की शिकायत दर्ज कराई है।

सायबर सेल के अफसरों के मुताबिक, चर्चित बिजनेस वेबसाइट्स, जिनसे ज्यादा से ज्यादा लोग ऑनलाइन खरीदी करते हैं। उन वेबसाइट से ग्राहकों का डेटा लीक हुआ है। लीक डेटा से प्राप्त मोबाइल नंबर पर जालसाज कॉल कर मोबाइल धारक को कुरियर आने का झांसा देते हैं। मोबाइल धारक द्वारा किसी तरह से कुरियर से सामान नहीं मंगाए जाने पर कैंसिल करने कंफर्मेशन करने एक नंबर डॉयल करने के लिए कहते हैं। दिए गए नंबर डायल करने पर जालसाज मोबाइल धारक के नंबर को डायवर्ट कर हैक कर उसके वाट्स एप को अपने मोबाइल में इंस्टाल कर मोबाइल धारक के डीपी प्रोफाइल की फोटो उपयोग कर ठगी का शिकार बना रहे हैं।



### डीपी प्रोफाइल लगाकर करते हैं ठगी के लिए कॉल

साइबर सेल के अफसरों के मुताबिक जिन लोगों का मोबाइल हैक किया गया, उन मोबाइल धारकों के वाट्स एप से उनके डीपी प्रोफाइल की फोटो निकालकर मोबाइल धारक के नंबर से इंस्टाल किए गए वाट्सएप की डीपी में एड कर देते हैं। इसके बाद उस मोबाइल धारक के फोन बुक में जो मोबाइल नंबर होते हैं, उसे क्लोनिंग कर स्टोर कर लेते हैं। इसके बाद मोबाइल धारक के परिचितों को कॉल कर अलग-अलग तरीके से ठगी करते हैं।

**बैटरी चलित बस खरीदने और 4 चार्जिंग स्टेशन के लिए फंड**

# 10 ई-बस की खरीदी में निगम का छूटा पसीना निर्माता कंपनी मांग रही 100 बसों का आर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ई-बसों की खरीदी में नगर निगम प्रशासन का पसीना छूट रहा है। पंद्रहवें वित्त आयोग ने राजधानी में बैटरी चलित बसें खरीदने और चार्जिंग स्टेशन खोलने 18 करोड़ रुपए दिए हैं, जिसमें 10 ई-बसों की खरीदी के साथ ही चार जगह चार्जिंग स्टेशन खोलने की शर्त शामिल है। इसके लिए निगम ने ऑनलाइन टेंडर किया, जिसमें आधा दर्जन कंपनियां आगे आई। अब बस निर्माता कंपनियां कम से कम 100 बसों का आर्डर मांग रही है, जबकि निगम के पास केवल 10 ई-बसें खरीदने फंड उपलब्ध है। शहर में इको फ्रेंडली सुगम आवागमन के लिए धुआं रहित बैटरी बस दौड़ाने का प्लान फंड के कमी के चलते फंस गया है। रायपुर नगर निगम को पंद्रहवें वित्त आयोग से 10 बैटरी चलित बसों की खरीदी करने और 4 जगहों पर चार्जिंग पाइंट खोलने 18 करोड़ की राशि मिली है।

ई-बस खरीदी के लिए ऑनलाइन किए गए टेंडर में 10 साल तक बसों की मरम्मत व संचालन की शर्त नगर निगम ने जोड़ रखी है। ऐसे में बस निर्माता कंपनियां इतनी कम बसों का आर्डर लेने से हिचक रही हैं। सूत्रों के मुताबिक उन्हें कम से कम 100 बसों की खरीदी का आर्डर चाहिए, जबकि नगर निगम के पास केवल 10 ई-बसों की खरीदी के लिए फंड है। ऐसे में ई-बस की खरीदी खटाई में पड़ सकती है।




### केंद्र की योजना में ई-बस की उम्मीद

राजधानी रायपुर ही नहीं, बल्कि दुर्ग, बिलासपुर और रायगढ़ की सड़कों पर ई-बसें दौड़ाई जाएंगी। केंद्र सरकार की पीएम ई-बस योजना में छत्तीसगढ़ को 100 ई-बसें देने का फैसला हाल ही में लिया था। इससे शहरवासियों में उम्मीद जागी है। पहले चरण में ई-बसें रायपुर-बिलासपुर हाईवे, रायपुर-रायगढ़ व्हाया सरायपाली, रायपुर-दुर्ग से राजनांदगांव तक चलाने की योजना है। प्रदेश के प्रमुख शहरों में ई- बसों के संचालन के लिए केंद्र की टीम पूर्व में ही रायपुर आ चुकी है।

# बाबा जी का संदेश मनखे मनखे एक सामान आज भी प्रासंगिक है : धर्म गुरू मुक्तिदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

रविवार को नगर पँचायत पलारी में परमपूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की 267वीं जयंती के पावन पर्व के अवसर पर धर्म गुरू मुक्ति दास जी के सानिध्य और श्वेतध्वज वाहक की अगुवाई में सतनाम संदेश शोभायात्रा एवं शौर्य प्रदर्शन सतनाम अखाड़ा सतनाम संदेश शोभायात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भव्य शोभा यात्रा सतनाम भवन से निकली, जो बस स्टैंड से होते हुए शीतला, गाँधी चौक ठाकुर देव, माहमाया से सतनामी पारा होते हुए रायपुर मार्ग से यात्रा देर शाम सतनाम भवन में समाप्त हुई। इस दौरान सुसज्जित रथ पर सवार होकर धर्म गुरु मुक्ति दास लोगों आशीर्वाद प्रदान करते रहे। इस दौरान धर्म गुरू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी का मूल सिद्धांत ही मनखे मनखे एक सामान है, सभी से सामान आचरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा जी कहते हैं कि हमेशा सत्य के पथ चलें, क्योंकि अँत में सच ही रह जाता है, लेश मात्र द्वेश से भी सद्गति नहीं मिलती। बाबा जी कहते हैं कि माँस मदिरा नरक का द्वार खोलता है वहीं झूठ त्यागकर सच का साथ देने बाबा जी का मूल मँत्र था।

■ पलारी में श्वेतध्वज वाहक की अगुवाई में निकाली गई सतनाम संदेश शोभायात्रा



## बाबा गुरू घासीदास की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा के दौरान गुरु घासीदास बाबा की आकर्षक झांकी भी निकाली गई थी। आकर्षक झांकी में समाज के युवाओं ने शानदार आतिशबाजी करते हुए पंथी एवं शौर्य प्रदर्शन करते हुए नगर के मुख्य मार्ग में भ्रमण किया। वहीं, कार्यक्रम के समापन श्रीफल देकर सम्मान भी किया। यात्रा में ललित घृतलहरे, महेश बारले, बिसौहाराम गायकवाड़, टेकराम कुर्रे, जसनारायण गायकवाड़, तेजराम बाँधे, नेमसिंह,पुष्पा बँजारे, माहेश्वरी कुर्रे, ओमप्रकाश खुटे, भूषण ठेठवार, सँतोष देवाँगन,नीलकमल आजाद, सुरजमल, किशन गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में समाज के महिलाएं शामिल हुए।

इस दौरान शोभायात्रा में गुरू घासीदास की आकर्षक झांकी लोगों को मंत्र मुग्ध कर रही थी, जो कि यह पूरे शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। बच्चे बड़े महिलाएं व पुरुषों की टोली सफेद ध्वज लहराते हुए आकर्षक झांकियां, पंथी नर्तक दल, बैंडबाजे, जय–जय सतनाम के स्वर से शहर को गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा के समापन के बाद सतनाम भवन में भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में लोगों ने बताया कि इस त्यौहार का मूल्य बाबा के चरित्र को स्वयं में उतारना है। शोभायात्रा में लोगों ने बताया कि इस त्यौहार का मूल बाबा जी के चरित्र को स्वयं में उतारना है।

नगर पँचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा जैतखाम की पूजा अर्चना की धर्म गुरू से आशीर्वाद प्राप्त कर शोभा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संत गुरु घासीदास जी का जीवन दर्शन और उद्देश्य युगों तक मानवता का संदेश देता रहेगा। उनका व्यक्तित्व ऐसा प्रकाश सिस्टम है जो आधुनिक युग में समाज को नई दिशा प्रदान कर रहा है। मोहन बँजारे, महेश ढीढी, जेएल जोशी, राबर्ट कुरील ने बताया कि बाबा जी के संदेशों को सतनामी समाज ही नहीं, बल्कि प्रत्येक समाज आत्मसात कर रहा है तथा हर समाज विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# रंगोरा में हुई रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के ग्राम रंगोरा में रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन समस्त ग्राम वासियों द्वारा किया गया था। इस डांस प्रतियोगिता में बिलाईगढ़ विधानसभा के विधायक कविता प्राण लहरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।

विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राण लहरे ने अपने उद्बोधन में समस्त ग्राम वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सबका आभार व्यक्त किया। साथ ही साथ विधायक ने डीजे डांस प्रतियोगिता को ग्रामीण अंचल के मनोरंजन का हिस्सा बताया, समस्त प्रतिभागियों का शारीरिक, मानसिक, सांस्कृतिक विकास का आधार बताया। उन्होंने कहा कि बिना भेद भाव, द्वेष, हिंसा के बगैर प्रेम से मिल जुल कर इस प्रकार के कार्यक्रम को करना चाहिए, इस विचार पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में विधायक कविता प्राण लहरे के साथ युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, मनीराम पंकज, बबलू खान, जान मोहम्मद खान, टेक कुमार पटेल, किशोर साहू, सुरेंद्र साहू, नंदकुमार डडसेना ,दीपक बंदे, अभिषेक अवस्थी, हेमलाल बरीहा, धनीराम नाग, अशोक पटेल, राकेश चौहन, घनश्याम, नरेश अग्रवाल, रामा डडसेना, संजय सुमन चौहान, सूख राम यादव, लोकेंद साहू आदि सैकड़ो कार्यकर्ता, आमजन, जनप्रतिनिधि गण, वरिष्ठ उपस्थित रहे।




# चरौदा में हुआ वार्षिक खेल, शिवनाथ हाउस ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



शनिवार को पलारी के हाईस्कूल चरोदा में वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने हुनर प्रदर्शन किया। खेल में विद्यार्थियों को चार हाउस महानदी, अरपा, शिवनाथ और इंद्रावती में बांटा गया था। सभी बच्चों ने अपने हाउस वाइज खेल खेले और चारों हाउस में से शिवनाथ हाउस विजेता रहा। समारोह की मुख्य अतिथि हेमलता कन्नौजे बीसओ पलारी रही साथ ही विशेष अतिथि के रूप में शाला के पालक समिति के अध्यक्ष धनुराम साहू रहे। अतिथियों ने बेहतर खेल के लिए बच्चों का उत्साह वर्धन किया। साथ ही मेडल और मोमेंटो बांटा गया। शाला से चार बच्चों ने जिला स्तरीय खेल में सहभागिता दी थी, जिसमें विक्की, पुरण, प्रभा और सिमरन थे, इनका विशेष सम्मान किया गया। विक्की निषाद मैन ऑफ स्पोर्ट्स इवेंट रहे। इन्हें भी विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।

■ विद्यार्थियों ने किया शानदार खेल का प्रदर्शन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीएसओ कनौजे ने अपने अनुभव साझा करते हुए बच्चों को बताया कि किस प्रकार से वह अपना करियर खेल में बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि वह खुद नौ बार नेशनल खेली थी और किस प्रकार उन्होंने खेल को अपना करियर ऑप्शन चुना और वह आज एक सफल पीटीआई शिक्षा के रूप में कार्य कर रही हैं। इस प्रकार से बच्चों को खेल का महत्व बताया गया। कार्यक्रम का संचालन नीलकंठ पटेल ने किया। अतिथियों का उद्बोधन शाला प्रभारी कविता ध्रुव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शाला परिवार की ओर से लेखा जायसवाल, किरण साहू, कविता देवांगन उपस्थित रही। आभार प्रदर्शन नेहा उपाध्याय द्वारा किया गया। वार्षिक खेल आयोजन में विद्यार्थी सहित ग्रामीण जन बड़ी शामिल होकर खेल के सभी विधाओं का आनंद लिया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133



## खबर संक्षेप



### नाबालिग का दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** सुहेला थाना क्षेत्र में 30 मई को गायब हुई नाबालिग के अपहरण व अनाचार के मामले में पुलिस ने एक 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर अपहरण, अनाचार के साथ ही पास्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 30 मई को थाना सुहेला में प्रार्थी ने शिकायत दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग पुत्री घर में बिना बताए कहीं चली गई है। इस पर पुलिस ने गुम इंसान का प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया था। जांच में पता चला कि उक्त नाबालिग को आरोपी शंकर लाल पिता भगवानी पटेल 20 वर्ष निवासी आमाकोनी द्वारा बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है। इस पर पुलिस टीम ने आमाकोनी में दबिश देकर आरोपी शंकर लाल पिता भगवानी पटेल 20 वर्ष को पकड़ा गया। मामले में नाबालिग जानते हुए अनाचार करने के मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 363,366क,376 भादवि, 4,6 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### सरस्वती शिशु मंदिर ओड़ान में हुआ आवर्ती प्रशिक्षण



**पलारी।** ओड़ान सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में खरतोरा संकुल अंतर्गत विद्यालय का आवर्ती प्रशिक्षण आचार्य और दीदियों का रविवार को ओड़ान विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व संयोजक कुलेश्वर वर्मा, संकुल समन्वयक अनिल शर्मा, सह संकुल प्रभारी संतोष चक्रधारी, उमाशंकर कन्नौजे, खिलेन्द्र बिजरे, रूपेन्द्र चंन्द्राकर, नीलम साहू उपस्थित थे। सर्व प्रथम अतिथियो द्वारा मा सरस्वती की पूजा अराधना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया प्रशिक्षण प्रमुखों द्वारा विद्यालय मे संचालित पढ़ाई, संस्कार,खेल, बौद्धिक विकास और अन्य गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण में कुल 35 आचार्य दीदी जी सम्मलित हुए।

### भगवान भक्तों की श्रद्धा देखते हैं : पं. उपेंद्र



**खरोरा।** खरोरा में हो रही भागवत कथा में पंडित उपेंद्र ने विभिन्न धर्म और ज्ञान कि कथा कहते गजेन्द्र मोक्ष सागर मंथन वामन अवतार,हरिश्चन्द्र राजा की कथा सुनाये कथा में कहा कि संसार के नर नारी गजेंद्र हाथी की तरह मोह का जल पीते रहते हैं और जिस समय संकट रूपी मगर पकड़ लिया। उस दिन उसके मदद के लिए कोई नहीं रहता तब आखिर भगवान को ही पुकारता है कि हे प्रभु अब मुझे आपकी ही कृपा और सहारा चाहिए। पंडित उपेंद्र ने कहा कि भगवान भी उसी पर कृपा और मदद करते हैं जो पूरी तरह विश्वास करते हैं और श्रद्धा से पुकारते हैं जैसे उस गजेंद्र हाथी ने पुकारा। बलीराजा और वामन कथा में पंडित जी ने कहा कि बली कि तरह भगवान को तन मन धन देना चाहिए तब भगवा-प्रसन्न होते हैं और यह भी कहा कि भगवान किसी का धन या वस्तु नहीं रखते, देने वाले की श्रध्दा को देख उसे ही अनंत गुना ज्यादा कर प्रदान कर देते हैं। हरिश्चन्द्र राजा किकथा में पंडित जी ने कहा कि सत मार्ग पर चलने वाले कि हार नहीं होती है उसे जितने में समय लगता तो है परंतु जित सत्य की ही होती है। कहते हैं कि सत्य परेशान हो सकता है, परास्त नहीं। क्योंकि सत्य का साथ स्वयं परमात्मा देते हैं। यह भागवत कथा का आयोजन अवस्थी परिवार द्वारा किया जा रहा है। कथा के मुख्य यजमान प्रेरणा प्रेम नारायण अवस्थी है। भागवत कथा श्रवण करने में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : जिले में अर्जुनी से हुई विकसित भारत संकल्प यात्र की शुरुआत**

# प्रधानमंत्री मोदी ने अमीरी व गरीबी की दूरी को कम करने का प्रयास किया : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- शिविर स्थल में मिला हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ, समस्या का भी हुआ निदान

केंद्र सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्र का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार 16 दिसम्बर को किया। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से देश भर में यात्र के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों से जुड़कर हितग्राहियों से चर्चा किया। बलौदाबाजार विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक श्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अर्जुनी स्थित स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्र का शुभारंम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा भारत माता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री वर्मा ने कहा की पिछले 9 साल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी के कार्यकाल में देश काफी आगे बढ़ा है। अमीर और गरीब की खाई को दूर करने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए पक्का आवास की चिंता की और उन्हें पीएम आवास योजना से पक्का आवास दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार गठन होते ही 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति दी गई है। महतारी वंदन योजना का लाभ महिलाओं को मिलेगा। हर घर मे नल से स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन से सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजना को घर– घर एवं जन –जन तक पहुंचाना है। गरीब आदमी भी उन्नति करे इसी सोच को लेकर आगे बढ़ना है।



#### हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के करीब 32 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसमे खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 5 हितग्राही ,मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल 5, कृषि विभाग स्पेयर पम्प 7, आयुष्मान कार्ड 10, महिला बाल विकास द्वारा 5 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, खाद्य विभाग,एनआरएलएम आदि के द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई । इस स्टाल में विशेष रूप से राजस्व, बैंकिंग एवं स्वास्थ्य संबंधित लोगों की समस्याओं का भी निदान किया गया। इस अवसर में स्कूली बच्चो के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रप्त करने वाले संस्थाओं के बच्चो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री चंदन कुमार , जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमन वर्मा, सरपंच श्री प्रमोद जैन, श्री विजय केशरवानी श्री अशोक जैन, श्री डोमन सिंह, श्री योगेश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी –कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में हितग्राही व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

#### सबसे पहले एलईडी वैन का स्वागत

इस एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को सुना गया। इसके पश्चात हमारा संकल्प विकसित भारत अन्तर्गत शपथ ली गई। मैरी कहानी मेरी जुबानी अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभर्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। ईश्वरी साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास मिलने से पक्का घर बन गया है । संतोषी वर्मा व तेजी साहू ने बताया कि शौचालय नही था तो धूप व बारिश में बाहर जाना पड़ता था अब घर मे में शौचालय बन जाने से बाहर जाने की जरूरत नही पड़ती। गोमती साहू एवं रजनी साहू ने बताया कि उनके बेटे का वजन कम था। कुपोषित की श्रेणी में था।आंगन बाडी मिलने वाले पोषण आहार मिला जिससे अब तंदुरुस्त है। नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि पीएम किसान समृद्धि योजना के तहत सालाना मिलता है जिससे खेती किसानी में काम आता है0।भुनेश्वरी साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से गैस सिलेंडर मिला है। अब लकड़ी से चूल्हा जलाना नही पड़ता जिससे धुएं से मुक्ति मिली है।

# अयोध्याधाम से आया अक्षत कलश पूजा के बाद 15 मंडलों के लिए रवाना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

पवित्र धाम अयोध्या श्रीरामजन्मभूमि से रामलला के मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु आमंत्रण स्वरूप आये पूजित अक्षत का कसडोल खण्ड के 15 मंडलों में वितरण रविवार को कसडोल नगर के महामाया मन्दिर में किया गया। जहां कलशों का मां महामाया जी के दरबार मे विधिवत पूजन किया गया साथ ही अयोध्या से आये आमंत्रण पत्र एवं श्रीराम मंदिर की चलचित्र का वितरण कसडोल खण्ड के 15 मंडलों से आये मंडल संयोजकों को सौंपा गया। कसडोल खण्ड के अभियान प्रभारी एवं जिला सह धर्मजागरण प्रमुख पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने बताया कि अब मंडलों से यह कलश मंडल के ग्रामों तक जाएगी और जन-जन तक राम मंदिर का आमंत्रण दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक ग्राम नगर में राममय माहौल समाज के सभी वर्ग के लोगों के सहयोग से निर्मित की जाएगी।आगामी जनवरी माह में प्रभातफेरी, रामायण, शोभायात्रा आदि का आयोजन किया जाएगा तथा जनजागरण किया जाएगा। जनवरी माह के 1 तारीख से यह आमंत्रण का अभियान प्रारम्भ किया जाएगा । इसी तरह कसडोल नगर के 15 वार्डो में बैठक लेकर वार्ड प्रमुख बनाकर उन्हें वार्ड हेतु कलश सौंपी जाएगी। जिसकी रूपरेखा आगामी 3-4 दिनों में पूर्ण कर ली जाएगी तथा एक कलशयात्रा नगर में निकाला जाएगा। इस कलश वितरण कार्यक्रम में खण्ड के संघचालक के आर कैवर्त, खण्ड कार्यवाह हरदयाल साहू खण्ड सहित जितेंद्र वर्मा, नरेंद्र डड़सेना, रामावतार वर्मा, रितेश जायसवाल, नोबेल माझी, मुकेश वर्मा, असवन्त साहू, ओम शर्मा, राम साहू, पीताम्बर पटेल सहित सभी मंडलों के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेंशनर समाज के कार्यक्रम में सीनियरों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा खरोरा जिला रायपुर की गठन पश्चात प्रथम पेंशनर 17 दिसंबर दिन रविवार समय दोपहर 1 बजे से देवांगन भवन केशला खरोरा में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश वर्मा प्रांतीय सचिव एवं अध्यक्षता चंद्रशेखर नायडू प्रांतीय उपकोषाध्यक्ष थे,इस कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर जीलू राम वर्मा एवं दिसंबर माह में जन्म लेने वाले पेंशनर श्याम लाल देवांगन,सोमनाथ धीवर तथा माह दिसंबर में सदस्यता ग्रहण करने वाले पेंशनर चंद्रभूषण धुरंधर, लक्ष्मण प्रसाद देवांगन का श्रीफल गुलदस्ता गुलाल से स्वागत किया गया। साथ–साथ पेंशनर समाज सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर रामनाथ साहू सेवानिवृत्त शिक्षक सूरज रतन सिन्हा सेवानिवृत्त मंडी उप निरीक्षक तथा रवि राघवेंद्र नाथ मानिकपुरी अध्यक्ष मानिकपुरी पनिका समाज लवन राज व प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस शाखा– छत्तीसगढ़ का सम्मान किया गया,सभा के मुख्य अतिथि एवं सभा अध्यक्ष द्वारा सभा को संबोधित किया गया।'

'छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा खरोरा के अध्यक्ष गोपाल दास पड़वार जी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया संघ के गतिविधियों पर विशेष प्रकाश डाला गया,साथ ही साथ अतिथियों द्वारा पेंशनर संघ कार्यालय का विधि विधान से उद्घाटन किया गया, कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सचिव हरिश्चंद्र देवांगन द्वारा किया गया।।।



### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ स्थल अयोध्या गृह ग्राम संपर्क के लिए हुई बैठक

**पलारी।** भगवान श्री राम जन्मभूमि अयोध्या तीर्थ स्थल पर बन रहे भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होगी। इस भव्य आयोजन को हर गांव गांव गली गली में एक उत्सव के रुप में ऐतिहासिक और भव्य तैयारी के लिए रविवार को हिंदू समाज द्वारा योजना बैठक ग्राम दतान में संपन्न हुई जिसमें विभिन्न ग्रामों के समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही अयोध्या से आये अक्षत कलश एवं श्री राम जन्मभूमि का छाया चित्र और आमंत्रण पत्र वितरण के लिए रखा गया था। इस अवसर पर पवन वर्मा,टीकम चंद वर्मा, राहुल चन्द्राकर, केशरी वर्मा, नंद कुमार शर्मा,किशन वर्मा, विनय वर्मा, मदन साहू, देवप्रकाश साहू, ओम गुप्ता,सुंदर फेकर, विष्णु वैष्णव,मुकेश रजक, सत्या यादव,अभिषेश कश्यप, रामेश्वर साहू, देवेन्द्र सिन्हा, साधराम बार्ले, टिकेश्वर मानिकपुरी, खिलेन्द्र साहू, अरविंद कश्यप, तुमनाथ अग्रवाल, कृष सिन्हा, पीयूष वर्मा,आयुष वर्मा, उपस्थित रहे।

# श्री गुरुतेगबहादुर के शहीदी दिवस पर किया गया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



सिक्ख पंथ के नवम गुरु श्री तेगबहादुर साहिब के शहीदी दिवस पर स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में उनकी शहादत को नमन करते हुए अमृत वेले ( सुबह 5 बजे ) से नितनेम का पाठ किया गया। उसके उपरांत समाज की महिलाओं-पुरुषों एवं बच्चों ने मिलकर प्रभातफेरी निकाली। पंजाबी गुरुद्वारा से आरम्भ होकर झूलेलाल धाम से बस स्टैंड चौराहा, महासती मंदिर से रामसप्ताह चौक से जयस्तंभ होते हुए मल गली से हटरी बाज़ार होते हुए पंजाबी गुरुद्वारा में सम्पन्न हुई। सिक्ख सेवा संस्था के युवा वीरों द्वारा संगत के लिये चाय-नाश्ते की सेवा रखी गई थी।

समाज की महिलाओं द्वारा श्री गुरुतेगबहादुर साहिब जी के शहादत पर गुरबानी के शबद कीरतन से अपनी भावांजली अर्पित की। कश्मीरी पंडितों को तात्कालिक मुगल शासक औरंगजेब द्वारा जबरिया धर्मांतरण कर पूरे मुल्क में एक ही धर्म की हुकूमत चलाना चाहते थे। कश्मीरी पंडितों के जनेऊ और तिलक हटाना चाहते थे। तब उन्होंने गुरु जी से इस जुल्म की दास्तां सुनाई। श्री गुरुतेगबहादुर जी ने कश्मीरी पण्डितों से कहा कि मुगलिया शासक से कहो कि यदि श्री गुरुतेगबहादुर साहिब इस्लाम क़ुबूल कर लेते हैं तो हम सभी आपका धर्म स्वीकार कर लेंगे। दिल्ली के लाल किले से शाही फ़रमान जारी हुआ और गुरु श्री तेगबहादुरजी अपना चांदनी चौक पर अपना शीश देकर धर्म की रक्षा की और हिन्द की चादर के नाम से पूरे मुल्क में जाने गये । आज ही शाम पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में उनके शहीदी दिवस पर गुरबाणी का शबद कीरतन और सिमरन कर उनकी शहादत को नमन किया गया साथ ही संगत के लिए लंगर का भी रखा गया । इस शहीदी कार्यक्रम में समाज प्रधान स. त्रिलोक सिंह के साथ साथ बंटी छाबड़ा अरुण वीर, स.हरमिन्दर सिंह, स. अमरजीत सलूजा ग्रीन्स, देवेन्द्र सचदेव, रगबीर मक्कड़, स.महेन्दर सिंह, स. हरभगवान गुम्बर, स.हरविंदर सलूजा मिनकु, स. सोनू छाबड़ा, स. रविन्दर चावला, जोगिन्दर सलूजा, स. बलविंदर सिंह छाबड़ा, स.हरप्रीत सलूजा राजू, स. मनजीत सिंह, स. इन्द्रजीत सिंह राणा, स.रणजीत सिंह, स.परमजीत छाबड़ा आदि बड़ी संख्या में शामिल थे।

# सारंगढ़ और बिलाईगढ़ से परीक्षार्थी को लेकर बस हुई जाजंगीर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव




कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के आवेदको के लिए भर्ती रैली स्थल जांजगीर तक पहुंचने के लिए निःशुल्क वाहन सुविधा व्यवस्था की गई है। पुरुषोत्तम स्वर्णकार सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, नगरपालिका सारंगढ़ के रोशन यादव सहायक ग्रेड 2 के द्वारा सारंगढ़ से और आदर्श तंबोली सहायक ग्रेड 3, अध्यापक एवं तनिष जांगडे के द्वार बिलाईगढ़ में युवाओं को संपर्क और समन्वय कर युवाओं का बस रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली अंतर्गत अप्रैल 2023 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती परीक्षा 15 दिसंबर से 23 दिसंबर तक पुलिस लाईन खोखराभांठा जांजगीर में आयोजन किया जा रहा है। सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के लिए जनरल ड्यूटी हेतु परीक्षा 18 दिसंबरको और टेक्निकल–ट्रेडसमेन–क्लर्क भर्ती परीक्षा 20 दिसंबर को निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन जांजगीर चांपा द्वारा आवेदकों के लिए आवास व्यवस्था की गई है।

